तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 29 अगस्त 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 यात्री प्रतीक्षालय बना नशेड़ियों का अड्डा






## खबर संक्षेप

### अग्रवाल समाज की कार्यकारिणी गठित, राजेश बने अध्यक्ष



**बतौली/सेदम।** बतौली अग्रवाल सभा द्वारा नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पश्चात अग्रवाल सभा द्वारा आय व्यय के संबंध में चर्चा उपरांत नवीन कार्यकारिणी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से राजेश अग्रवाल को अध्यक्ष बनाया गया है। अग्रवाल समाज द्वारा नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष नंदकिशोर गर्ग, आयुष अग्रवाल, निशांत अग्रवाल, सचिव अनिमेष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राहुल मित्तल, सह सचिव शिवम गर्ग को बनाया गया है। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को पदभार सौंपा गया एवं सभा को गति देने हेतु जिम्मेदारी दी गई है। अग्रवाल सभा के वरिष्ठ लखनलाल देवांगन, लीलू राम गोयल, रकिकेश मित्तल, पवन गर्ग, प्रवीण गर्ग, उमेश गर्ग को संरक्षक बनाया गया है। अध्यक्ष बने राजेश अग्रवाल ने अग्रवाल समाज को नए नित ऊंचाइयों तक ले जाने तथा समाज को बढ़ाने में पूरी जिम्मेदारी के साथ निवर्हन करने की बात कही।

### मंगलवार को हुआ था हाथी से सामना

# दंतैल ने खुखड़ी लेने जंगल गए ग्रामीण की ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- बुधवार को देर शाम किया गया शव बरामद

रिश्तेदारों के साथ तमोर पिंगला अभ्यारण्य अंतर्गत धजहवा पहाड़ जंगल में खुखड़ी एवं करील लेने गए ग्रामीणों का दंतैल से सामना हो गया। इस दौरान दो रिश्तेदार किसी तरह अपनी जान बचाकर सुरक्षित भाग निकले जबकि बरतीकला सावित्री पुर निवासी बंधु टोप्पो आ. मंगल टोप्पो (55 वर्ष ) को दंतैल ने अपने सुंड में लपेटकर पटक दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। रात में जब मृतक घर नहीं लौटा तो परिजन ने दूसरे दिन वन अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर कड़ी मशक्कत के बाद वनकर्मियों ने मंगलवार को देर रात मृतक का शव बरामद किया।

बलरामपुर जिलान्तर्गत बरतीकला सरस्वतीपुर निवासी बंधु टोप्पो आ.मंगल टोप्पो चार दिनों पूर्व अपनी बेटी व दामाद से मिलने सूरजपुर जिलान्तर्गत ग्राम पचगढ़ी आया था। मंगलवार को वह अपने दो रिश्तेदारों के साथ तमोर जंगल में खुखड़ी एवं करील लेने गया था। निकट के जंगल में खुखड़ी नहीं मिलने पर तीनों रिश्तेदार बातें करते ग्राम पलगढ़ी से 6 किमी दूर धजवहा पहाड़ के पास घने जंगल में पहुंचकर खुखड़ी एकत्र कर रहे थे। इस दौरान एक दंतैल को तेज गति से अपनी ओर आते देख बंधु टोप्पो के रिश्तेदार अपनी जान बचाकर किसी तरह भाग निकले। दंतैल को सामने देख बंधु ने भी भागने की कोशिश की लेकिन दंतैल ने उसे अपने सूंड में लपेटकर पटक दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई इधर देर शाम घर पहुंचने के बाद रिश्तेदार पूरी रात उसके पहुंचने का इंतजार करते रहे तथा बंधु के घर नहीं पहुंचने पर बुधवार को सुबह 10 बजे ⏭ शेष पेज 4 पर


मृतक के परिजन को सहायता राशि देते वन विभाग के अधिकारी।

### जंगल में 15 हाथी

तमोर जंगल में लम्बे समय से 15 हाथी अलग-अलग दलों में भ्रमण कर रहे हैं। जंगल में लोनर के साथ-साथ ही कही चार तो कही 6 हाथियों का दल घूम रहा है। दल से अलग होकर अकेले घूम रहे दंतैल अत्यधिक आक्रामक होते हैं तथा किसी पर भी हमला बोल देते हैं। वन अधिकारियों का कहना है कि खतरे को देखते हुए प्रभावित क्षेत्र के गांवों में लगातार जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह दी जा रही है। ग्रामीण वन अधिकारियों की सलाह को अनसुना कर खुखड़ी एवं करील की तालश में जंगल जा रहे है।

### अब तक 20 मौतें

चालू वित्त वर्ष में आठ महीनों के भीतर सरगुजा वनवृत्त अंतर्गत विभिन्न वन मंडलों में हाथियों के हमले में अब तक 20 ग्रामीणों की मौत हुई है। इस दौरान हाथियों ने बड़ी संख्या में घरों में तोड़फोड़ करने के साथ लाखों की संपत्ति एवं फसल को क्षति पहुंचाया है। धान की फसल तैयार होने के बाद हाथियों की आवाजाही बढ़ जाती है। इस दौरान हाथियों के हमले की अधिक घटनाएं होती हैं।

### ग्रामीणों को किया गया जागरूक

हाथी प्रभावित क्षेत्रों में लगातार अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जंगल में हाथियों की मौजूदगी की सूचना देने के बावजूद मृतक अपने रिश्तेदारों के साथ खुखड़ी एवं करील लेने घने जंगल में गया था। मृतक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है।

-**शैलेन्द्र अम्बट**, अधीक्षक, तमोर पिंगला अभ्यारण्य

### स्वागत...



**अम्बिकापुर।** मंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार अम्बिकापुर पहुंचे राजेश अग्रवाल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोशीला स्वागत किया।

### एमपी पीएससी में डॉ. यादव का चयन



**अम्बिकापुर।** सरगुजा की बेटी डॉ. स्मृति यादव का मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जारी आदेश में उनका चयन एनएचएमएस के रूप में हुआ है। डॉ. स्मृति यादव पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी एमआर यादव एवं माता श्रीमती सुनिता यादव की पुत्री हैं। डॉ. स्मृति यादव का चयन एनएचएमएस में होने से यादव समाज में हर्ष का माहौल है। एमबीबीएस की पढ़ाई डॉ. स्मृति ने आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर से पूरी की। इंटर्नशिप पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद शासकीय मेडिकल कॉलेज, राजनांदगांव में कार्य किया।






## जगह-जगह विराजे भगवान श्री गणेश...



कचहरीपारा दुर्गा पंडाल में विराजे भगवान श्रीगणेश


श्री श्री गणेश पंडाल ओड़गी नाका में विराजे भगवान श्री गणेश


श्रीराम सेवक गणेश पूजा युवा समिति व्हीटीसी चौक चरचा कॉलरी


नवयुवक संघ सार्वजनिक श्री गणेश पूजा समिति राजीव गांधी चौक चरचा कॉलरी


श्री गणेश पूजा समिति कापरेटिव लाइन चौक चरचा कॉलरी


श्री गणेश पूजा समिति व्हीटीसी कालोनी चरचा (कॉलरी

## खबर संक्षेप

### जगह-जगह विराजे विघ्नहर्ता श्रीगणेश



**चरचा कॉलरी।** गणेश चतुर्थी का पर्व इस वर्ष चरचा क्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। 27 अगस्त से प्रारंभ हुए इस पर्व में नगर के चौक-चौराहों और गली-मोहल्लों में भगवान गणेश की प्रतिमाएं विधि-विधान से स्थापित की गई हैं। नगर पालिका शिवपुर चरचा के सभी वार्डों में भी सात दिवसीय गणेश पूजा का आयोजन हो रहा है। इस वर्ष पहले से अधिक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। विवेकानंद कॉलोनी, सुभाष नगर, महाराणा प्रताप चौक, नेपाल गेट, वीटीसी कॉलोनी, राजीव गांधी चौक, को-ऑपरेटिव लाइन सहित मुख्य मार्गों पर आकर्षक पंडालों में गणेश प्रतिमा विराजमान हुई है। ग्रामीण अंचल में भी श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा कर भगवान गणेश को दूर्वा घास, मोदक, नारियल और गन्ना अर्पित किया। गणेश चतुर्थी के अवसर पर क्षेत्र में भजन-कीर्तन, नृत्य और नाटक जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालु सामूहिक रूप से आरती कर भगवान गणेश से सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना कर रहे हैं। गौरतलब है कि गणेश चर्तुथी भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है, उन्हें विघ्नहर्ता माना जाता है, जो भक्तों के सभी संकटों और बाधाओं को दूर करते हैं। यह पर्व लोगों को एकता और आस्था की डोर में बांधने का संदेश भी देता है।

### पूर्व विधायक का भाजपा पर कटाक्ष

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ और कोटाडोल इलाके में हाल ही में बीएसएनएल मोबाइल टावरों को अपग्रेड कर 4 जी सेवा शुरू की गई है। इस अवसर पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने भाजपा पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। उन्होंने ने कहा कि रामगढ़ समेत क्षेत्र में जो टावर आज 4 जी में अपग्रेड हुए हैं, उनकी स्थापना कांग्रेस शासनकाल में ही हो चुकी थी।

## हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी खबर

# विधायक बोले- नए स्थान पर शिफ्ट कराएंगे हेचरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

शहर सीमा में स्थित शासकीय कुक्कुट हेचरी को बर्ड फ्लू फैलने के बाद जिला प्रशासन द्वारा सीलबंद कर दिया गया था और कई महीने बीत जाने के बाद उसे पुनः खोले जाने संबंधी पत्र केन्द्र से आ चुका है। इस मामले को हरिभूमि ने 24 अगस्त के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की तो शहर के शहर के लोगों ने पुनः खोलने के विरोध में है और वर्तमान स्थल से शासकीय कुक्कुट हेचरी को अन्यत्र स्थापना की मांग को दोहरा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि शहर के प्रेमाबाग क्षेत्र में ढाई दशक से पूर्व से शासकीय कुक्कुट हेचरी स्थापित है, तब न तो कोरिया जिला का गठन हुआ था और न ही छग प्रदेश की स्थापना हुई थी। जब शासकीय कुक्कुट हेचरी की स्थापना शहर में हुई थी, तब हेचरी के आस-पास आबादी कम थी। अब उक्त स्थल के आस-पास घनी आबादी हो गई है, जिन्हें हेचरी से निकलने वाली दुर्गंध से परेशानी होती है। शहर के जनप्रतिनिधियों एवं जागरूक नागरिकों ने पूर्व में पत्र सौंपकर जिला प्रशासन से हेचरी को शहर से दूर स्थानांतरिक


बर्ड फ्लू फैलने के बाद दुबारा हेचरी शुरू करने आया आदेश
शासकीय कुक्कुट हेचरी का प्रोजेक्ट अधर में!

प्रकाशित खबर।

करने की मांग उठाई थी, लेकिन अब तक सौंपे गए पत्र पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, जिसके चलते हेचरी जस की तस उसी स्थल पर लगातार संचालित होते आया है। गर्मी में यहां बर्ड फ्लू फैली थी, इसके बाद अब तक हेचरी बंद हैं। केन्द्र से पुनः संचालित करने के आदेश के बाद जब हरिभूमि ने इस संबंध में खबर का प्रकाशन किया तो जनप्रतिनिधि एवं नागरिक पुनः वर्तमान स्थल पर हेचरी संचालित करने को लेकर मुखर हो गए हैं। शासकीय कुक्कुट हेचरी को पुनः खोलने के केन्द्र के आदेश पर क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि हम प्रयास करेंगे कि हेचरी का संचालन शहर से बाहर हो, इसके लिए हम प्रयास करेंगे, हेचरी की दुर्गंध से लोगों का जीवन दूभर है, लोगों ने मांग उठाया हम भी प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि कलेक्टर से आग्रह किया है खोलना नहीं हैं, सीएम को अवगत कराया है। शिफ्ट करने की लंबी प्रक्रिया है, शहर से बाहर भूमि उपलब्ध कराकर भवन बनाया जाएगा ,इसके बाद हेचरी शहर से हट जाएगा। वहीं बर्ड फ्लू के बाद पुनः हेचरी को संचालित करने के आदेश आने की खबर के बाद उक्त स्थल पर संचालन को लेकर कोरिया बचाओं मंच द्वारा विरोध जताया है। कोरिया बचाव मंच के पदाधिकारी शैलेश शिवहरे ने कहा कि पुनः शहर सीमा में हेचरी को चालू नहीं करने दिया जाएगा, उन्होंने कहा कि पूर्व में मुख्यमंत्री को सुशासन तिहार में हेचरी को शहर से बाहर करने का निवेदन किया था, इस पर आश्वासन भी किया था।

# यात्री प्रतीक्षालय बना नशेड़ियों का अड्डा

**कोरिया कालरी।** नगर पालिक निगम चिरिमिरी द्वारा लगभग दो वर्ष पूर्व यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए करीब दो लाख की लागत से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय अब जर्जर हालत में पहुंच चुका है। रख-रखाव के अभाव में यह प्रतीक्षालय नशेड़यों का अड्डा बन गया है। दिन हो या देर रात, यहां नशेड़यों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आम यात्रियों ने इस प्रतीक्षालय में रुकना ही छोड़ दिया है।

■ **रख-रखाव के अभाव में खस्ता हाल, यात्री हलाकान**



धीरे-धीरे प्रतीक्षालय की स्थिति खस्ता होती जा रही है। दीवारों की टाइल्स उखाड़ ली गई हैं और लगे हुए लोहे की ग्रिल भी गायब हो गई है। हालत यह है कि प्रतीक्षालय का उपयोग यात्री नहीं कर पा रहे हैं और उन्हें मजबूरन आस-पास के पेड़ों की छांव में खड़े होकर वाहन का इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा किए गए विकास कार्य सराहनीय होते हैं, लेकिन निर्माण के बाद रख-रखाव भी उतना ही जरूरी है। सवाल यह भी है कि जिम्मेदारी केवल नगर पालिका की है या फिर आम जनता और जनप्रतिनिधियों की भी इसमें बराबर की भूमिका बनती है। वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद मोती प्रधान ने कहा कि नशेड़यों के विषय में मैं कुछ नहीं कह सकती, लेकिन प्रतीक्षालय में जो टूट-फूट हुई है, उसकी मरम्मत कार्य कराया जाएगा। इसकी देखरेख करना हम सबकी जिम्मेदारी है और सभी को इसमें योगदान देना चाहिए।

# मुक्तिधाम जाने वाले मार्ग पर खड़े रहते हैं कोयला ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा क्षेत्र में मुक्तिधाम जाने वाले मार्ग पर दर्जनों कोयला ट्रकों की कतारें इंसानियत को शर्मसार कर रही हैं। जहां शोकाकुल परिजन अंतिम विदाई देने जाते हैं, वहीं इस मार्ग को ट्रक चालकों ने मानो पार्किंग बना डाला है।

■ **अंतिम यात्रा में शामिल लोगों को हो रही भारी परेशानी**



चरचा थाना से महज 50 मीटर दूरी पर स्थित मुक्तिधाम मार्ग अब पूरी तरह कोयला परिवहन ट्रकों के कब्जे में हैं। परिजन मजबूर होकर अपनी गाड़ियां हाईवे किनारे खड़ी करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि चंद रूपए की लालच में मानवीय संवेदनाएं पूरी तरह कुचल दी गई हैं। कई बार शिकायत के बावजूद प्रशासन अब तक चुप है। लोग कहते हैं कि थाना प्रभारी और नगर पालिका की मौजूदगी में भी यह लापरवाही कहीं न कहीं मिलीभगत को दर्शाती है। गौरतलब है कि दो माह पूर्व चरचा कॉलरी प्रबंधन ने कोयले का रोड सेल शुरू किया था। ट्रकों को व्यवस्थित खड़ा कराने की जिम्मेदारी कॉलरी प्रबंधन की थी, लेकिन प्रबंधन केवल उत्पादन तक सीमित है। वहीं नगर पालिका शिवपुर चरचा का वार्ड क्रमांक एक स्थित यह मुक्तिधाम संभाग का शायद एकमात्र स्थल है, जहां अंतिम यात्रा जैसी संवेदनशील स्थिति में भी ट्रक ठेकेदारों की मनमानी चल रही है। चरचा बचाओ मंच ने इस स्थिति की कड़ी निंदा की है। पदाधिकारियों ने कहा कि अंत्येष्टि जैसी पवित्र यात्रा में व्यवधान डालना असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है। यदि ट्रकों को तत्काल नहीं हटाया गया तो मंच आंदोलन के लिए बाध्य होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा ने कहा कि कलेक्टर, महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र व जिला पुलिस प्रशासन को पत्र भेजकर इस गंभीर विषय से अवगत कराया जाएगा।

# महिला मोर्चा ने अध्यक्ष का किया पुतला दहन

**बिजुरी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के हालिया बयान से राजनीति बवाल खड़ा हो गया है। पटवारी ने कहा था कि राज्य में महिलाएं सबसे ज्यादा शराब पी रही है और ड्रग्स का कारोबार भी यहां तेजी से फैल रहा है।

इस बयान से नाराज बीजेपी महिला मोर्चा ने बुधवार को बिजुरी कपिलधारा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बिजुरी में जुटी बीजेपी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला जलाया । गुस्साई महिलाओं ने पटवारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतले को चप्पलों से पीटते हुए कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के खिलाफ भी नारे लगाए। महिला मोर्चा का कहना था कि पटवारी का बयान महिलाओं का अपमान है और कांग्रेस की महिलाओं को लेकर सोच साफ तौर पर सामने आ गई है। पटवारी के इस बयान ने बीजेपी को हमला करने का बड़ा मौका दे दिया। महिला मोर्चा ने साफ कहा कि कांग्रेस नेता का बयान न सिर्फ शर्मनाक है, बल्कि महिलाओं का सीधा अपमान भी है। बीजेपी कार्यकर्ताओं का कहना है कि कांग्रेस हमेशा से महिलाओं का अपमान करती आई है और यही सोच अब जनता के सामने उजागर हो रही है। उक्त विरोध प्रदर्शन में नपाध्यक्ष शहबीन पनिका, जिला मंत्री गूंजन साहू, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष पूर्णिमा सिंह, मंडल अध्यक्ष कलावती सिंह, संजू मिश्रा, पूजा कोरी सहित काफी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकरता एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।



# जिला स्तरीय पुस्तक वाचन कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य के रजत जयंती वर्ष पर शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय पुस्तक वाचन का आयोजन गुरूवार को शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता एवं संस्था के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से उपस्थित विनय मोहन भट्ट ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में पुस्तक पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में जितनी अधिक पुस्तकें पढ़ी जाएंगी, उतना ही श्रेष्ठ व्यक्तित्व का विकास होगा।

# रजत जयंती महोत्सवः मनाया गया पुस्तक वाचन दिवस

**मनेन्द्रगढ़।** छग राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्षगांठ पर के तहत 25 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गुरूवार को एमसीबी जिले के जनपद पंचायत सभाकक्ष मनेन्द्रगढ़ में विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे के मार्गदर्शन में संस्कृति विभाग के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की विशेषता रही पुस्तक वाचन अभियान, जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ पालकों, नव-साक्षरों और समुदाय के लोगों ने काफी संख्या में भाग लेकर पढ़ने की संस्कृति को नई गति प्रदान की। नगर निगम चिरमिरी के महापौर श्री राय के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राथमिक शालाओं में स्थानीय भाषाओं की कहानियों का वाचन हुआ, वहीं मुस्कान पुस्तकालय से बच्चों ने पुस्तकों का अध्ययन कर ज्ञान का अमूल्य लाभ लिया। प्रत्येक विद्यालय में वाचनालय से चुनी गई पुस्तकों का पठन कराया गया और पढ़ी गई पुस्तकों तथा प्रतिभागियों का विस्तृत रिकॉर्ड भी संकलित किया गया। इस अभियान के दौरान विद्यार्थियों से नवीन पाठ्यपुस्तकों का विशेष रूप से वाचन कराया गया। पुस्तकों के संग्रहण पर संवाद हुआ और एनसीईआरटी द्वारा परिवर्तित पाठ्यपुस्तकों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बच्चों को समझ के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया तथा पुस्तक की बातों को आत्मसात करने के महत्व पर बल दिया गया। जिला प्रशासन ने इस पूरे कार्यक्रम को प्रेरणादायक और बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अनिवार्य कदम बताया। इस अवसर पर जिले केक जनप्रतिनिधि भी अभियान में शामिल होकर बच्चों और समुदाय का उत्साहवर्धन करते नजर आए। जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा सरजू यादव, नगर पंचायत नई लेदरी अध्यक्ष वीरेन्द्र राणा, नगर पंचायत खोंगापानी अध्यक्ष श्रीमती ललिता रामा यादव आदि शामिल रहे।




**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202508020700090/0**
विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-2025
अंबिकापुर प.ह.न. 00015 [(हे.) ]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-निकिता अग्रवाल, अनावेदक पक्षकार-अंकिता उचानियां,

**ईश्तहार**

आवेदिका निकिता अग्रवाल पत्नी अमित अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी बंगलो नम्बर बी-2 केआ हाउस वेदा 42 कालोनी व्हीआईपी. रोड नियर अग्रसेन धाम फुंडहर लाभानडीह कृषकनगर रायपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 4555/17 रकबा 0.011 हे. भूमि एवं मकान को अनावेदक अंकिता उचानिया पत्नी सावन उचानिया निवासी हाउस नम्बर-10 कोर्डक वसुदेव विहार आर्या पैटोल पम्प चांदनी चौक के पास अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रुपये 48,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22.09.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/08/2025 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

मानसिक एवं न्यूरों रोग परामर्श
डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी, (बी.एच.यू.) वाराणसी
दिनांक 31 अगस्त 2025
दिन - रविवार
समयः- सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

सरगुजा मार्केट

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 सितम्बर 2025
दिन - बुधवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मुत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 31 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 24 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें - 7587722255

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) |9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी.डीएम. कार्डियोलॉजिस्ट
सीने में दर्द या भारीपन
सांस लेने में तकलीफ
लगातार पसीना
नींद न आना
घबराहट एवं बेचैनी
अनियमित हृदय गति
दिनांक
24 अगस्त 2025
दिन - रविवार
मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.आकाश अग्रवाल
एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी) एमसीएच (यूरोलॉजीएंड रीनल ट्रांसप्लांट) कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट एंड्रोलॉजिस्ट एंड रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन
पेशाब में जलन
प्रोस्टेट बढ़ जाना
पेशाब बार-बार होना
पेशाब बूंद-बूंद पर होना
पेशाब के रस्ते का छोटा होना

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।
विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज
विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर
मो. 9826461355


गणेश उत्सव समिति,श्री राम चौक,शिवनन्दनपुर।


गणेश पूजा युवा समिति, मण्डलपारा, गुदरी गली, नगर पंचायत शिवनन्दनपुर।


श्री राम भक्त हनुमान मंदिर पुराना यज्ञ शाला गणेश पूजा समिति अम्बेडकर चौक, बिश्रामपुर।


मेन मार्केट, राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण, गणेश उत्सव समिति शिवनन्दनपुर।

## खबर संक्षेप



### गैस गोदाम परिसर में दो दिवसीय अखंड संकीर्तन यज्ञ आज से

**रामानुजगंज।** अम्बिकापुर रोड़ स्थित सागर गैस गोदाम परिसर में 29 एवं 30 अगस्त को अखंड संकीर्तन यज्ञ का आयोजन सागर मोती फाउंडेशन प्रमुख और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा कराया जा रहा। श्री श्री अखंड संकीर्तन यज्ञ को लेकर व्यापक स्तर में तैयारी 15 दिन पूर्व से की जा रही है। इस संबंध में रमन अग्रवाल ने बताया कि प्रज्ञा मंडली के सहयोग से संकीर्तन का 29 अगस्त की सुबह 11.30 बजे से प्रारंभ होगा जो अनवरत 24 घंटे चलेगा। संकीर्तन का समापन 30 अगस्त की दोपहर में होगा, संकीर्तन को सफल बनाने में आस पास के दर्जनों संकीर्तन मंडली अपनी सहभागिता देती हैं। गौरतलब है कि सागर मोती परिवार द्वारा विगत लगभग दो दशक से प्रत्येक वर्ष श्री श्री अखंड संकीर्तन यज्ञ का आयोजन कराया जाता है जिसमे नगर सहित आस पास क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहते हैं।

### जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने से पहले हो सख्त जांच : अनूप

**बिश्रामपुर/सोनगरा।** जिले में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर अब राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष



अनुप सिन्हा ने कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि किसी भी व्यक्ति को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने से पूर्व उसकी सूक्ष्म जांच अनिवार्य रूप से की जाए। श्री सिन्हा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि हाल ही में बिहार राज्य में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के तहत मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया गया। इसी तर्ज पर अब चुनाव आयोग पूरे देश में यह प्रक्रिया लागू करने जा रहा है। इसके अंतर्गत 1 जुलाई 1987 से पहले जन्मे वे नागरिक जिनका नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है उन्हें अपने जन्म की तिथि और स्थान का ठोस प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। श्री सिन्हा ने आशंका जताई है कि जिले में कई लोग इस व्यवस्था का दुरुपयोग करते हुए वर्षों पूर्व अपने पूर्वजों के नाम से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का प्रयास कर रहे हैं। श्री सिन्हा ने पत्र में उल्लेख किया है कि अवैध रूप से आए घुसपैठिए इस तरह से नकली दस्तावेज बनवाकर भारत की नागरिकता का दावा कर सकते हैं जो राष्ट्रहित के लिए घातक होगा। भाजपा उपाध्यक्ष ने कलेक्टर से मांग किया है कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए शिशु के माता-पिता की स्थानीय उपस्थिति और प्रमाणों की कड़ी जांच हो। मृत्यु प्रमाण पत्र केवल तभी जारी हो जब यह सुनिश्चित हो जाए कि मृतक व्यक्ति का जीवनकाल वास्तव में जिले में व्यतीत हुआ हो। किसी भी प्रकार के संदिग्ध आवेदन पर विभाग विशेष सतर्कता बरते और जांच पूरी होने तक प्रमाण पत्र जारी न किया जाए।। श्री सिन्हा ने कहा कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे संवेदनशील दस्तावेज अगर बिना जांच के जारी किए जाएंगे तो यह अवैध घुसपैठियों के लिए नागरिकता का आधार बन सकता है। ऐसे में प्रशासन को बेहद सतर्क रहना होगा।

### दंतैल ने नर्मदापुर सरनापारा में ढहाया ग्रामीण का घर

**अम्बिकापुर।** दल से अलग होकर अकेले घूम रहे दंतैल ने बीती रात मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत नर्मदापुर के सरनापारा में जमकर उत्पात मचाया। दंतैल ने एक ग्रामीण का मकान ढहाने के साथ ही घर में रखा अनाज को चट कर गया। मैनपाट में सक्रिय 13 हाथियों का दल अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है। बीती रात हाथियों का दल पूरी रात ग्राम कंडराजा में धान की फसल को रौंदता रहा जबकि अकेले घूम रहे दंतैल ने नर्मदापुर सरनापारा में देर रात तक मुन्ना मांझी के घर में तोड़फोड़ मचाता रहा। गांव में दंतैल की मौजूदगी की सूचना पर पहुंचे वन अमले ने कुछ ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। सुबह होने पर दंतैल सीमावर्ती कापू जंगल जबकि 12 हाथी बाय पहाड़ की ओर चले गए। वन परिक्षेत्राधिकारी फेंकू चौबे ने बताया कि विभाग की अलग-अलग टीमें पूरी रात हाथियों की निगरानी करने के साथ ही ग्रामीणों को सतर्क कर रही है।

## किसान 266 की खाद को 9 सौ से 1 हजार में खरीदने को मजबूर

# यूरिया की किल्लत से जूझ रहे किसान अनाप-शनाप कीमत पर बेच रहे खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- किसानों ने की कार्रवाई की मांग

खेतों में जहां धान रोपाई का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और अब फसल विकसित होने लगे है। ऐसे में धान की पैदावार अच्छी हो इसके लिए फसल में खाद की जरूरत है। इधर दुकान संचालकों द्वारा एकाएक खाद की कीमत काफी बढ़ा दी है जिससे किसान परेशान है। प्रतापपुर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में यूरिया की किल्लत और कालाबाजारी चरम पर है। जो यूरिया शासकीय दर पर 266 प्रति बोरी मिलना चाहिए, वही खुले बाजार में 900 से 1200 तक बेचा जा रहा है। ऐसे में खाद नहीं मिलने से किसान महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर है।

विकासखंड प्रतापपुर के नगर सहित आसपास के गांव में बरसात के मौसम शुरू होते ही खाद बीज की दुकान की संख्या में अचानक वृद्धि हो जाती है। जो बिना लाइसेंस या कृषि विभाग, खाद विभाग के लिस्ट में नहीं रहते और मनमानी तरीके से दुकान खोलकर अनाप-शनाप दर पर खाद-बीज की बिक्री करते है। ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को नहीं होती। बावजूद इसके किसी प्रकार की जांच व छापामार कार्रवाई नहीं होने से दुकान संचालकों के हौसले बुलंद है। इधर धान रोपाई के बाद जहां अन्नदाता किसान अपने खेतों की फसलों को बचाने के लिए दुकानों से खाद खरीदते हैं उसकी कीमत में भी अधिक होती है। यूरिया की मार झेल रहे किसानों ने बताया कि शासकीय दर की यूरिया को 900 से 1000 देकर खरीदना पड़ रहा है। कई किसानों का कहना है कि हम चाहकर भी शासकीय दर पर यूरिया नहीं पा रहे, दुकानदार मनमाने दाम वसूल रहे हैं और बिल तक देने से मना कर देते हैं। किसानों ने बताया कि शासकीय रेट पर निर्धारित कर सभी दुकानों में खाद दिया जाता है। बावजूद इसके अधिक दर पर प्रति बोरी दुकानों से खाद लेने को मजबूर है। शासन की अनदेखी और कृषि विभाग की उदासीनता रवैया के कारण यह गोरखधंधा फल-फूल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शासन प्रशासन सहित जिले के अधिकारियों से खाद की बिक्री अनाप-शनाप दर पर किए जाने की शिकायत की गई इसके बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है।


गोदाम में रखे यूरिया खाद।

### पड़ रहा अतिरिक्त भार

किसानों ने बताया कि नगर सहित आसपास गांव में खुले आम खाम की कीमत बढ़ा कर बिक्री की जा रही है। पहले रोपाई के समय डीएपी व इफको खाद के लिए किसान दर-दर भटके, अब यूरिया की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी बाजार में शासकीय दर 266 यूरिया को 1200 तक बेचा रहा है। शासन के निर्धारित दर से ज्यादा कीमत पर खाद बेचने के बावजूद आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई जिससे किसानों को अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

### फसल पर पड़ रहा विपरीत असर

किसानों ने बताया कि रोपाई के बाद अब फसल विकसित हो रहे है। धान की पैदावार अच्छी हो इसके लिए वर्तमान समय में फसलों में यूरिया का छिड़काव करना जरूरी। समय पर यूरिया का छिड़काव नहीं होने से इसका विपरीत असर पड़ रहा है। जबकि दुकान में खाद की कीमत में अचानक वृद्धि हो गई है जिससे किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर खाद नहीं डाला गया तो इसका सीधा असर पैदावार पर पड़ सकती है।

### की जाती है छापामार कार्रवाई

प्रतापपुर में खाद की छापामारी कार्रवाई की जाती है मगर कोई पकड़ में नहीं आता। दुकान में भी स्टॉक नहीं होने की बात दुकानदारों द्वारा कही जाती है। अधिक कीमत में खाद बेचते पाए जाने पर दुकान संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-शिव शंकर यादव
कृषि विस्तार अधिकारी प्रतापपुर



### गणेश प्रतिमा स्थापित कर की गई विधि विधान से पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ करवां

सड़क पारा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में गणेश चतुर्थी का पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सिद्धिविनायक सार्वजनिक गणेश पूजन समिति ने प्रथम पूज्य श्री गणपति की भव्य प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना प्रारंभ किया है।

पिछले वर्ष समिति ने भटगांव विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के समक्ष करवां स्थित शिव मंदिर परिसर में मंदिर के चारों ओर अहाता निर्माण एवं मंदिर परिसर का जीर्णोद्धार की मांग रखा गया था। जिस पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने मंच से ही इस मांग को जल्द पूरा करने की घोषणा की थी। मंत्री श्रीमती राजवाड़े की पहल पर अब कार्य पूर्ण होकर तैयार हो चुका है। वर्तमान में इसी परिसर में ही पूजा का आयोजन किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह विकास कार्य न केवल मंदिर परिसर की सुंदरता बढ़ा रहा है, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और पवित्र वातावरण भी उपलब्ध करा रहा है। इस उपलब्धि से समिति के सदस्य और ग्रामीण दोगुने उत्साह के साथ गणेश पूजन में शामिल हो रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया गया कि सात दिनों तक चलने वाले गणेश पूजन में सायं काल आरती के पश्चात भंडारा व्यवस्था किया गया है। 30 अगस्त को देवी जस गीत गायिका मध्य प्रदेश की गायिका अंजली यादव द्वारा जगराता कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी एवं स्थानीय स्तर पर छोटे एवं बड़े बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रथम, द्वितीय ,तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इस वर्ष गणेश चतुर्थी का उत्सव करवां, सड़कपारा, करसु, कसकेला, महेशपुर, गजाधरपुर, लटोरी, जुड़वानी सहित अन्य पंचायतों में भी सार्वजनिक गणेश पूजन बड़े धूमधाम और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। पूजा-पाठ के साथ-साथ कई जगहों पर भजन संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक आरती का आयोजन भी किया जा रहा है। सुबह-संध्या पूजा पाठ से क्षेत्र में भक्तिमय माहौल निर्मित हो गया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत शीघ्र मकान निर्माण कार्य पूरा कराने हेतु गावों में लगाई जा रही चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- प्रशासनिक अधिकारी हितग्राहियों से सीधे कर रहे संवाद

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना की गति तेज करने के लिए प्रशासन ने आवास चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेंद्र सिंह ने ग्राम पंचायत कल्याणपुर, छतरपुर, सुंदरगंज और पाठकपुर में चौपाल लगाकर हितग्राहियों से सीधा संवाद किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।सीईओ ने स्पष्ट कहा कि स्वीकृत आवासों का समय सीमा के भीतर निर्माण पूरा होना बेहद जरूरी है। उन्होंने हितग्राहियों को भरोसा दिलाया कि शासन की यह योजना गरीबों के सपनों का आशियाना साकार करने के लिए है,इसलिए निर्माण कार्य को टालना नहीं चाहिए। उन्होंने ग्राम पंचायत के तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और आवास मित्रों को कड़े निर्देश दिए कि सभी हितग्राही को सहयोग प्रदान किया जाए। ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी या आर्थिक अड़चन से निर्माण कार्य प्रभावित न हो। साथ ही जिला पंचायत सीईओ ने स्वयं कई अधूरे मकानों का मैदानी निरीक्षण किया। उन्होंने प्लिंथ स्तर तक तैयार हो चुके मकानों का जायजा लिया और मौके पर ही टैगिंग प्रक्रिया भी पूरी करवाई। जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह ने चौपाल में कहा कि प्रत्येक आवास की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग होगी,यदि कोई हितग्राही योजना से वंचित रह गया है तो उसे चिन्हित कर प्राथमिकता से जोड़ा जाएगा। समय पर निर्माण पूरा करना हितग्राहियों की जिम्मेदारी है, लेकिन प्रशासन हर कदम पर साथ खड़ा रहेगा।ग्राम पंचायतों में आयोजित इन चौपालों से ग्रामीणों में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। कई हितग्राहियों ने मौके पर ही अपने सवाल रखे, जिनका अधिकारियों ने समाधान किया।



## पुलिस को 13 नए वाहन मिलने से गश्त व्यवस्था होगी सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश की पुलिस को आधुनिक और सक्षम बनाने के उद्देश्य से नए वाहन प्रदाय किए हैं। पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम एवं पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा के विशेष प्रयासों से पुलिस को 12 नई बोलेरो पेट्रोलिंग वाहन एवं 1 नई बारह सीटर बस प्राप्त हुई है। गुरूवार को पुलिस लाईन में आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने सभी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि नए वाहनों के मिलने से गश्त व्यवस्था सुदृढ़ होगी, अपराध नियंत्रण की क्षमता बढ़ेगी, आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई संभव होगी तथा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की पहुंच और अधिक प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि नए वाहनों से बल की परिचालन क्षमता में उल्लेशनीय वृद्धि होगी, आधुनिक साधनों के सहयोग से बल किसी भी चुनौती का सामना करने में और अधिक सक्षम होगा और दुरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों में भी त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। कार्यक्रम में एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना प्रभारी विमलेश दुबे, थाना प्रभारी झिलमिली नसीमुद्दीन, थाना प्रभारी चंदौरा मनोज सिंह, थाना प्रभारी प्रेमनगर विराट विशी, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय, चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल, चौकी प्रभारी लटोरी अरूण गुप्ता, वाहन शाखा प्रभारी एमटीओ विजय सिंह, एएसआई विजय यादव, साईबर सेल प्रभारी उपस्थित रहे।



## कराया गया बेलजोरा बांध की मरम्मत का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- हरिभूमि की खबर के बाद हरकत में आया विभाग

**खबर का असर**

बेलजोरा में क्षतिग्रस्त हुए बांध के हिस्से की मरम्मत करा दी गई है। हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशित करने के साथ ही हरकत में आए अधिकारियों ने युद्ध स्तर पर इंटेकवेल के समीप मरम्मत का कार्य शुरू कराया जिसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। अब अधिकारी बारिश के बाद विस्तृत रूप से बांध के मरम्मत हेतु कार्य योजना बनाने की बात कह रहे है ताकि भविष्य में किसी प्रकार के संकट को टाला जा सके।

बता दें कि ग्राम बेलजोरा में सिंचाई कार्य के लिए अस्सी के दशक में बांध का निर्माण कराया गया था। पूर्व से ही इस बांध की गुणवत्ता सवालों के घेरे में रही है। इस बार सरगुजा में अच्छी बारिश हुई है ऐसे में नदी तालाबों के साथ ही बांध भी भर गए है। संभावना जताई जा रही है कि जल स्तर बढ़ने के कारण बांध के इंटेकवेल के सामने का हिस्सा प्रभावित हो गया था। इंटेकवेल के समीप मिट्टी अंदर धंस गई थी और बांध में लगभग 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया था। उस सुराख से होने वाले बांध के पानी का रिसाव अंदर ही अंदर बांध को कमजोर करने लगा था। यह देख ग्रामीण काफी चिंतित हो गए और उन्होंने बांध की हालत देख उसके अस्तित्व पर सवाल खड़े कर दिए थे। ग्रामीणों की चिंता से अवगत होने के बाद हरिभूमि समाचार पत्र ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद इसका असर भी देखने को मिला। विभागीय अधिकारियों ने बांध के क्षतिग्रस्त हिस्से में युद्धस्तर पर काम शुरू कराते हुए 24 घंटे के अंदर उसकी मरम्मत करा दी। इंटकवेल का वो हिस्सा जो पानी के दबाव की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया था। मरम्मत के बाद अब वो जगह पूरी तरह सुरक्षित हो गया है।विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त बांध की मरम्मत कराने के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता ए के निरंजन ने बताया कि फिलहाल बांध के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत करा दी गई है। बारिश के बाद बांध के उस हिस्से की विस्तृत रूप से मरम्मत कराई जायेगी।ताकि भविष्य में बांध का वो हिस्सा पूरी तरह सुरक्षित हो सके।


बेजलोरा बांध के गड्ढे को भरा गया।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबुपारा,जोड़ा तालाब के सामने,अम्बिकापुर सरगुजा छ.ग.
रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीरज प्रसाद
M.S. MCH Neurosurgery
- सीर की चोट (हेड इंजरी)
- स्पॉन्डिलाइटिस
- ब्रेन ट्यूमर,ब्रेन हेमरेज
- लकवा,मिर्गी
- बच्चों के सिर का बड़ा होना/पानी भरना
- बच्चों के कमर में गठान
- गर्दन एवं कमर में दर्द एवं झुनझुनी
- रीढ़ की हड्डी का टी.बी.
- हाथ व पैर में झुनझुनी
BLOOD BANK
Spare only 15 minutes and save one life
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर
1.5 TESLA MRI
MULTISLICE CT SCAN & ALL DIAGNOSTIC
सी टी स्कैन क्यों किया जाता है ?
सोनोग्राफी के पहले ध्यान रखें ये बातें
SONOGRAPHY
31 अगस्त 2025, माह के पांचवे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780,
8224007799,8718003300,6262639090

## खबर संक्षेप



### कूडो मिक्स मार्शल आर्ट में प्रगति ने गोल्ड तो दिव्या ने जीता सिल्वर मेडल

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ कूडो संघ द्वारा राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। 22 अगस्त से आयोजित इस प्रतियोगिता में कोच अमन गुप्ता के साथ खिलाड़ी प्रगति सिंह पैकरा, दिव्या राजवाड़े ने हिस्सा लिया। सीनियर बालिका वर्ग में प्रगति सिंह पैकरा ने गोल्ड मेडल जीता वही कैडेट बालिका वर्ग में दिव्या राजवाड़े ने सेमीफाइनल में एक खिलाड़ी को नॉकआउट मारते हुए सिल्वर मेडल जीता। कोच अमन ने बताया कि कूडो खेल एक जापानी मिक्स मार्शल आर्ट खेल है। यह खेल कराते, जुड़ो, बॉक्सिंग, म्यूथाई सभी मार्शल आर्ट खेल का आधुनिक मिक्स मार्शल आर्ट है। प्रतियोगिता में मेडल हासिल करने वाले खिलाड़ी छग की टीम के लिए चयनित किए गए है।

### शासकीय उमावि सरगवां में दी गई साइबर फ्रॉड से बचाव की जानकारी



**अंबिकापुर।** रजत महोत्सव के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग व महिला सशक्तिकरण केंद्र बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी जगदेव राम प्रधान सर एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बसंत मिंज के नेतृत्व में शासकीय उमावि सरगवां में बालिकाओं की सुरक्षा व दिन प्रतिदिन हो रहे साइबर फ्रॉड और उनसे बचाव एवं साथ ही नशा मुक्त सरगुजा बनाने हेतु शपथ दिलाई गई। संक्षिप्त रूप में विभागीय जानकारी जैसे लैंगिक समानता, बाल विवाह, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड लाइन 1098, जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मिशन शक्ति हब से जिला समन्वयक नूतन सिन्हा, वित्तीय साक्षरता समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, साइबर सुरक्षा सेल के कर्मचारी एवं स्कूल के प्राचार्य संजीव कुमार सिंह, शिक्षक व शाला की छात्राएं उपस्थित रहीं।

### मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान के अंतर्गत किसानों को दिया गया प्रशिक्षण



**अम्बिकापुर।** रेशम उत्पादन को लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मेरा रेशम मेरा अभिमान अभियान के अंतर्गत सरगुजा जिले में एक श्रृंखला के रूप में जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह राष्ट्रीय स्तर का अभियान केंद्रीय रेशम बोर्ड एवं राज्य रेशम विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य रेशम क्षेत्र में उत्पादन एवं उत्पादकता को आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में 25 से 27 अगस्त तक सरगुजा जिले के विभिन्न ग्रामों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें तकनीकी विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया। 25 अगस्त को सूर ग्राम में मुलबरी में नवाचार तकनीकों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उन्नत शहतूत किस्मों, उच्च उत्पादकता वाले रेशम कीट, शहतूत की उन्नत खेती, पौध सुरक्षा एवं कोकून उत्पादन तकनीकों पर जानकारी दी गई। 26 अगस्त को डडगांव में रेशम कीट कीट एवं रोग प्रबंधन विषय पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कीट रोग पहचान, रोकथाम, कीटाणुनाशकों का प्रयोग एवं वैज्ञानिक रेशम कीट पालन तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया गया। 27 अगस्त को दरिमा ग्राम में पालन गृह की सफाई एवं स्वच्छता विषय पर एक और कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों से 220 से अधिक रेशम कृषकों ने लाभ उठाया। सभी तकनीकी विषयों को केंद्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ. यल्लप्पा हरिजन ने समझाया। साथ ही डॉ. आईके बागरी, उप निदेशक, रेशम विभाग, सरगुजा द्वारा केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान क्षेत्रीय अधिकारी रेशम विभाग एके सिन्हा, वरिष्ठ कर्मचारी एचएस जायसवाल आदि शामिल रहे।

## पेज 1 के शेष...

### दंतैल ने खुखड़ी...

वन अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर रेंजर अजय सोनी के नेतृत्व में वनकर्मी महावत एवं हाथी मित्र दल के सदस्य पुलिस बल के साथ मृतक की तलाश में निकले। घंटों मशक्कत के बाद बुधवार को शाम 5 बजे मृतक का शव बरामद किया गया। वन अमले ने देर रात शव को मृतक के घर पहुंचाया। इस दौरान अंधेरा होने के कारण मृतक का पीएम नहीं हो सका। गुरूवार को पीएम कराने के उपरांत वन अधिकारियों ने शव को मृतक के गृहग्राम बरतीकला सरस्वतीपुर पहुंचाया तथा परिजन को ढांढस बंधाने के उपरांत मृतक के पुत्र को 25 हजार की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की। इस दौरान अधीक्षक शैलेंद्र अम्बष्ट, रेंजर अजय सोनी सहित अन्य वन अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# बाघ की दहाड़ से भयभीत ग्रामीण, मोहरसोप जंगल में मिला पद चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

- वन अधिकारियों ने बढ़ाई चौकसी, ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

बाघ की दहाड़ से एक बार फिर सूरजपुर वनमण्डल अंतर्गत दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर के ग्रामीण दहल गए हैं। क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से बाघ की दहाड़ सुनाई दे रही है। जंगल में बाघ की मौजूदगी की पुष्टि होने के बाद वन अमला सतर्क हो गया है तथा दिन-रात बाघ की चौकसी करने के साथ ही ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने के लिए जागरूक कर रहा है।

गुरू घासी दास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व का जंगल वन्य जीवों के लिए सुरक्षित रहवास क्षेत्र माना जाता है। जंगल में पर्याप्त संख्या में शाकाहारी वन्य जीव उपलब्ध होने के कारण बीच-बीच में अपने लिए नए रहवास क्षेत्र की तलाश में संजय राष्ट्रीय उद्यान से बाघ एवं तेंदुए की आवाजाही होती है। कई बार हिंसक वन्य जीव लम्बे समय तक विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करने के उपरांत वापस संजय नेशनल पार्क की ओर लौट जाते हैं वहीं कई बार पलामू टाइगर रिजर्व तक का सफर करते हैं। पिछले तीन सालों से क्षेत्र में लगातार हिंसक वन्य जीवों की



आवाजाही हो रही है। इसे क्षेत्र के पर्यावरण एवं वन्य जीवों के विकास की दृष्टि से अच्छा माना जा रहा है।

मंगलवार को जंगल में मवेशियों को चराने गए चरवाहों ने ग्राम मुण्डा के जंगल में बाघ को घूमते देखा था। बाघ को देखने के बाद चरवाहे अपने मवेशियों को लेकर तत्काल वापस लौटे एवं अन्य ग्रामीणों को जानकारी दी। जंगल में बाघ मौजूद होने की सूचना पर बुधवार को वनकर्मियों ने इसकी पुष्टि करने जंगल का भ्रमण किया तो कई स्थानों पर बाघ के पदचिन्ह मिले। मंगलवार को कुछ ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत मोहरसोप अंतर्गत ग्राम मचबंधी पारा स्थित बेतझरिया नाला को दोपहर ढाई बजे बाघ को नाला पार करते देखने की बात कह रहे हैं। जंगल में बाघ की मौजूदगी की सूचना पर क्षेत्र के ग्रामीण काफी भयभीत हैं तथा जंगल की ओर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं वहीं वन विभाग के कर्मचारी दिन रात बाघ की चौकसी कर रहे हैं।

### दो साल पूर्व बाघिन ने किया था हमला

वैसे तो लम्बे समय से क्षेत्र में बाघों की आवाजाही की सूचनाएं मिलती रही हैं लेकिन पिछले तीन सालों में क्षेत्र में बाघ एवं तेंदुए की आवाजाही बढ़ी है। दो साल पूर्व विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत कालामांजन जंगल में मौजूद एक बाघिन ने तीन ग्रामीणों पर हमला कर दिया था जिसमें एक ग्रामीण की मौत हो गई थी वहीं दो लोग घायल हो गए थे। ग्रामीणों ने भी टांगी से हमला कर बाघिन को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। चिकित्सकों ने ट्रैंक्यूलाइज कर गंभीर रूप से घायल बाघिन का रेस्क्यू किया था। बाघिन को उपचार के लिए जंगल सफारी भेजा गया था। पिछले साल संजय राष्ट्रीय उद्यान से गुरूघासी दास अभ्यारण्य के रास्ते पहुंचे बाघ ने एक महीने तक सूरजपुर एवं बलरामपुर वन मण्डल के जंगलों का भ्रमण करने के बाद पलामू टाइगर रिजर्व तक का सुरक्षित सफर किया था।

### पकड़े गए एक दर्जन से अधिक शिकारी

हिंसक वन्य जीवों की आवाजाही के बीच पिछले तीन सालों में वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरों ने अलग-अलग स्थानों पर बाघ, तेंदुआ एवं हाथी दांत के साथ एक दर्जन से अधिक तस्करों को पकड़ा है। वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की लगातार कार्रवाई से क्षेत्र में हिंसक वन्य जीवों का शिकार होने से इंकार नहीं किया जा सकता। क्राइम कांट्रोल ब्यूरों की टीम ने दो साल पूर्व तस्करों से एक साथ बाघ व दो तेंदुए की खाल बरामद किया था। कुछ महीने पूर्व ही टीम ने ओड़गी ब्लॉक के चपदा चौक से दूरस्थ ठाड़ पाथर निवासी आरोपी से तेंदुए की खाल बरामद किया था।

### दिन रात की जा रही चौकसी

जंगल में नाले के पास बाघ के पदचिन्ह मिले हैं। विभाग द्वारा सामंजस्य के साथ सामान्य जंगलों के साथ ही अभ्यारण्य क्षेत्र की चौकसी की जा रही है। ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह दी जा रही है।

-मेवालाल पटेल, रेंजर, बिहारपुर

## संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री की जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली बार पहुंचे सरगुजा

# जनता की भलाई के लिए करूंगा काम, सेवा ही संकल्प: राजेश



कैबिनेट मंत्री को हल भेट करते भाजपा पदाधिकारी।



अपने गृह क्षेत्र में लोगों का अभिवान करते मंत्री श्री अग्रवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- जिलेभर में हुआ आतिशी स्वागत

कैबिनेट मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार सरगुजा पहुंचे राजेश अग्रवाल का जोरदार स्वागत किया गया। सरगुजा की सीमा तारा से शुरू हुआ स्वागत का सिलसिला शहर में देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान जगह जगह भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने फूल माला से स्वागत किया इसके साथ ही जमकर आतिशबाजी की गई। मंत्री को लड्डूओं से तौला गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि यह उपलब्धि सरगुजा की आम जनता और कार्यकर्ताओं को समर्पित है। आपके आशीर्वाद से ही मैं विधायक बना और अब आपके आशीर्वाद से ही मुझे मंत्री पद की महत्वपूर्ण जवाबदारी मिली है। मैं आम जनता की भलाई के लिए 24 घंटे काम करूंगा, आम जनता की सेवा ही मेरा संकल्प है। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने मंत्री राजेश अग्रवाल को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा सरगुजा का यह स्वर्णिम काल है जहां एक सांसद, तीन विधायक, एक मंडल तथा एक आयोग के अध्यक्ष के बाद अब एक कैबिनेट मंत्री भी सरगुजा से भाजपा ने दे दिया है। जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की महत्वपूर्ण जवाबदारी अब हम पर है।

बता दें कि अंबिकापुर विधानसभा से विधायक राजेश अग्रवाल को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की कैबिनेट में शामिल किया गया है। कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल को संस्कृति, पर्यटन व धर्मस्व विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। चुनाव में पूर्व डिप्टी सीएम को मात देने वाले श्री अग्रवाल को मंत्री बनाए जाने से सरगुजा जिले में हर्ष का माहौल है ऐसे में कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल के सरगुजा स्वागत को लेकर बड़े पैमाने पर तैयारियां भाजपा के द्वारा की जा रही थी। गुरुवार को संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल के सरगुजा आगमन पर स्वागत की किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल के स्वागत का सिलसिला सरगुजा जिले की सीमा तारा से शुरू हुआ जो डांडगांव, उदयपुर, नावापारा, लखनपुर, लहपटरा, मेंड्राकला, भित्तीकला, बिलासपुर चौक, हनुमान मंदिर चौक, हॉस्पिटल चौक, अग्रसेन चौक, जय स्तंभ चौक, सदर रोड, महामाया चौक, संगम चौक, देवीगंज रोड, विवेकानंद घड़ी चौक होते हुए भाजपा कार्यालय संकल्प भवन पहुंचकर समाप्त हुआ। रास्ते भर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने फूल माला, पटाखों तथा ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। कई स्थानों पर मंत्री राजेश अग्रवाल को लड्डुओं से तौला गया तथा ब्राह्मणों द्वारा स्वस्तिवाचन एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व तथा विधायक प्रबोध मिंज, विधायक रामकुमार टोप्पो, गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय तोमर, पूर्व बीजेपी जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह तथा वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर की उपस्थिति में बीजेपी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के हुजूम ने कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अम्बिकेश केशरी, विनोद हर्ष, श्योर स्माइल से डॉ. एके दुबे, बंटी अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, रुपेश मित्तल, हरविन्द अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विजय अग्रवाल, राइस मिल एसोसिएशन के सदस्य अजीत अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### गृह नगर में उमड़ा सैलाब

**लखनपुर।** कैबिनेट मंत्री की जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली बार सरगुजा पहुंचे राजेश अग्रवाल का गृह नगर लखनपुर में जोरदार स्वागत किया। इस दौरान नगर को भव्य रूप से सजाया गया और जगह जगह आतिशबाजी की गई। ढोल नगाड़े व पारम्परिक नृत्य के साथ लोगों ने मंत्री श्री अग्रवाल का स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल अब्दुल कलाम चौक से अपने निवास तक पैदल चलकर पहुंचे और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। राजेंद्र जायसवाल द्वारा मंत्री श्री अग्रवाल को लड्डू से तोला गया जबकि उनके निवास स्थान पर लखनपुर मंडल की ओर से तीर धनुष की भेंट किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रामगढ़, देवगढ़ तातापानी, महेशपुर, मैनपाट, कुदरगढ़ जितने भी धार्मिक एवं पर्यटन स्थल हैं पूरे सरगुजा संभाग व प्रदेश छत्तीसगढ़ में विकास किया जाएगा। लखनपुर जनपद क्षेत्र के सीमा में भी मंत्री राजेश अग्रवाल का ढोल नगाड़े के साथ और लड्डू में तौल कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जिपं सभापति विजय अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, .हरविंद अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सुरेश साहू, मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, अमित बारी, विक्रम सिंह, सौरभ अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, राकेश साहू, महेश्वर राजवाड़े, लक्ष्मण साहू, प्रदीप गुप्ता, अविनाश अग्रवाल, सनी बंसल, मुकेश अग्रवाल, सतनारायण साहू, यतेंद्र पांडे, आलोक गुप्ता, कामेश्वर राजवाड़े, महमूद खान, परमेश्वर प्रजापति, राजेंद्र गुप्ता, तबरेज खान, शेरा खान, बंटी बारी, राधे श्याम सिंह, अजीत सिंह, रवि महंत, चंद्रिका यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### सरगुजा आगमन पर कार्यकर्ताओं ने लड्डू में तौला



**उदयपुर/केदमा।** कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल का सरगुजा आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत कर उत्साह के साथ स्वागत किया। उदयपुर मंडल की महिला शक्ति कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बस स्टैंड में देवगढ़ मंडल की ओर से मृदंग, खोमरी, धान की माला और रामगढ़ मंडल की ओर से नागर व जुआ उपहार स्वरूप भेंट किया गया। वहीं बीजेपी मंडल के द्वारा माहामाला से स्वागत किया गया। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल का उदयपुर आशीष बंसल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, लखनपुर में राजेंद्र जायसवाल की निवास में स्वागत की कार्यक्रम रखा गया था इस दौरान तराजू में लड्डू रखकर कैबिनेट मंत्री को तौला गया। इस दौरान मंत्री जी ने कार्यकर्ताओं को गले लगाकर अपनत्व दिखाया। इस दौरान देवगढ़ मंडल अध्यक्ष अखंड विधायक सिंह, रामगढ़ मंडल अध्यक्ष प्रबोध सिंह, जिला मंत्री राधेश्याम सिंह ठाकुर, संतोष जायसवाल, बसंत यादव, कमलेश जायसवाल, कल्पना भदोरिया, प्रमिला पोर्ते, लवकेश राजवाड़े, बृजेश चतुर्वेदी, दिनेश साहू, राजेंद्र गुप्ता, अविनाश अग्रवाल, राजेंद्र जायसवाल, राकेश साहू, सचिन बंसल, महेश्वर राजवाड़े, सुरेश साहू, पैसेंजर राजवाड़े, लालजीत पैकरा, परमेश्वर प्रजापति सहित अन्य मौजूद थे।



### दीक्षारम्भ कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को दी गई पाठ्यक्रम की जानकारी

**रामचंद्रपुर।** शासकीय महाविद्यालय में आयोजित दीक्षारम्भ कार्यक्रम में प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ.एसके कश्यप ने पूर्व परम्परा और वर्तमान दीक्षारंभ के अंतर को समझाया। डॉ.भूपेन्द्र कुमार साहू ने विद्यार्थियों को विभिन्न गतिविधियों एवं पाठ्यक्रम की जानकारी दी। कुमारी उषा, रिया एवं कृष्णा यादव तथा ओमप्रकाश सिंह ने अपना अनुभव साझा किया। अंत में डा.भूपेन्द्र कुमार साहू ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न विषयों की जानकारी दी तथा क्रेडिट सिस्टम, एबीसी अकाडेमिक बैंक क्रेडिट के बारे में बताया। प्रो.गुलशन केरकेट्टा ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान उदय साहू, मनीष देवांगन, अनिल पासवान, नागेश्वर सिंह, दिवाकर सिंह, सुश्री ममता सिंह, श्रीमती कविता सिंह उपस्थित थीं।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## शिवनंदनपुर में कैबिनेट मंत्री ने शोक संतप्त परिवारों से मिलकर ढांढस बंधाया



**बिश्रामपुर।** भटगांव विधायक एवं कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े गुरुवार को नगर पंचायत शिवनंदनपुर पहुंचीं, यहां पर उन्होंने हाल ही में अपने परिजनों को खो चुके शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। मंत्री राजवाड़े ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में वे और सरकार परिवारजनों के साथ खड़े हैं। उन्होंने हर परिवार को विश्वास दिलाया कि समाज और शासन दोनों ही हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं। इस दौरान मंत्री ने मृतक सुभाष अग्रवाल स्वागत इलेक्ट्रॉनिक के संचालक, जिनका लम्बी बीमारी से निधन हूआ, आरएसएस कार्यकर्ता गणपतराय अग्रवाल, सुमित मित्तल के दादा का निधन, संदीप स्वीट्स संचालक राजेंद्र प्रसाद की धर्मपत्नी जिनका लम्बी बीमारी से निधन हुआ,बलराम सिंह का निधन,युवा ठेकेदार तपन मैती असमय दुर्घटना में मौत,लिबास टेलर संचालक के छोटे भाई मुन्ना का निधन सड़क दुर्घटना में निधन,राजू राजवाड़े पार्टी कार्यकर्ता,जिनका लम्बी बीमारी के कारण निधन हो गया,राजू सिंह रामकुमार के बड़े भाई,लम्बी बीमारी से निधन,पटेल साय की पुत्री उमा सिंह के निधन, हीरा गुप्ता आरएसएस कार्यकर्ता एवं पूर्व बूथ अध्यक्ष, संतोष गुप्ता के पिता के निधन,दुर्गा विश्वकर्मा के पिता जिनका निधन बीमारी के कारण निधन हुआ था,इन सभी परिवारों से मुलाकात के दौरान मंत्री राजवाड़े ने कहा कि समाज में एक-दूसरे के दुख-सुख में साथ खड़ा होना ही सबसे बड़ी इंसानियत है,उन्होंने शोकाकुल परिजनों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए उन्हें हिम्मत रखने की प्रेरणा दी।नगर पंचायत शिवनंदनपुर में शोकाकुल परिवार से मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुलाकात कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गोयल, कृष्ण गोयल बल्लू, शितीकांत स्वाई बाबू, विवेक जायसवाल, श्यामू साहू,अनिता सिंह, मनी बग्गा,अमर लाल साहू, सुमित मित्तल व अन्य उपस्थित थे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## पत्नी की गला दबाकर की हत्या, लाश को तालाब में फेंका



**राजपुर।** सनकी पति ने चरित्र शंका पर अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी और लाश को तालाब में फेंक दिया। बड़ी बात यह है कि आरोपी पत्नी की हत्या करने के बाद खुद ही पुलिस के पास पहुंच गया और घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया इसके साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम ककना खालपारा निवासी 35 वर्षीय सीताराम आ. स्व. बिफन पैकरा का वर्ष 2015 में सुनिता पैकरा से विवाह हुआ था। दोनों के तीन बच्चे भी है। 27 अगस्त को सीताराम पैकरा ने चौकी में आकर खुद ही पुलिस को सूचना दी कि उसकी पत्नी का चरित्र ठीक नहीं था और इसी बात से दुखी होकर उसने 12 से 1 बजे के बीच तालाब के समीप प्लास्टिक बोरा से बने सफेद रंग की रस्सी से पत्नी का गला घोंट दिया और फिर लाश को तालाब में फेंक दिया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस में भी हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा तालाब से मृतिका की लाश को पानी से बाहर निकाला। इस दौरान मृतिका के गले में सफेद रंग की प्लास्टिक रस्सी भी बंधी हुई थी। पुलिस ने लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया। प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट में महिला की मौत गला दबाने से होने की पुष्टि हुई जिसके बाद पुलिस ने आरोपी सीताराम पैकरा को बीएनएस की धारा 103(1), 238 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी बरियों रविन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक प्रदीप यादव, बृजभान पैंकरा, विजय गुप्ता, आरक्षक जगनाथ केराम, राममूरत यादव, सरिता सिंह सक्रिय रहे।

### खाद की किल्लत को लेकर कांग्रेस आज करेगी चक्का जाम

**अंबिकापुर।** खाद की कमी और व्यापारियों द्वारा की जा रही कालाबाजारी से जूझते किसानों के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा 29 अगस्त को ग्राम डिगमा में बनारस रोड पर सांकेतिक चक्काजाम और आंदोलन करेगी। खाद की कमी, किसानों के खाते से बिना सहमति फसल बीमा के प्रीमियम की कटौती और धान खरीदी पंजीकरण के नियमों के सरलीकरण की मांग को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा था। उसके माध्यम से 3 दिनों के अंदर किसानों की इन समस्याओं के निराकरण की मांग थी। 3 दिनों में प्रशासन से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कल सांकेतिक चक्का जाम और आंदोलन किया जाएगा। यह चक्का जाम दोपहर 12 बजे ग्राम डिगमा में बनारस रोड पर किया जायेगा जिसमें जिले भर से पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ किसानों भी शामिल होंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411